आवश्यक सूचना

प्रत्येक प्रवेशार्थी को सभी कक्षाओं में प्रवेश हेतु निम्न निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है-

1. अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी दशा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
2. स्नातक प्रथम वर्ष में अभ्यर्थी को समस्त वांछनीय मूल प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य है। इन प्रपत्रों के अभाव में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
3. विश्वविद्यालय के नियमानुसार अंकतालिका प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर अभ्यर्थी प्रवेश ले सकता है।
4. फोटो व अंकतालिका तथा प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां (संलग्नक) अभ्यर्थी द्वारा स्व-प्रमाणित मान्य होंगे।
5. प्रवेश सम्बन्धी एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के लिए छात्र/छात्रायें नियमित रूप से महाविद्यालय सूचनापट (नोटिस बोर्ड) का अवलोकन करते रहें।

Scanned with CamScanner

6. निर्धारित तिथि/समय की समाप्ति पर कोई प्रवेश सम्भव नहीं होगा। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का दबाव डलवाने का प्रयास कदापि न करें।
7. प्रवेश योग्यतांक (मैरिट) के आधर पर होगा तथा सभी सूचनाएँ महाविद्यालय/विभागीय सूचना पट पर उपलब्ध रहेंगी। निर्धारित तिथि एवं समय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित न होने पर प्रवेश निरस्त करते हुए अन्य विद्यार्थी को प्रवेश दे दिया जायेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा।
8. उपरोक्त प्रवेश नियमों तथा तिथियों में विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिवर्तन की सूचना महाविद्यालय सूचनापट अथवा स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित किये जायेंगे।
9. **साक्षात्कार के समय प्रवेशार्थी के पिता/माता/संरक्षक की उपस्थिति अनिवार्य है।**
10. साक्षात्कारोपरांत प्रवेश हेतु संस्तुत होने पर प्रवेशार्थी द्वारा प्रवेश समिति द्वारा निर्धारित तिथि को शुल्क बैंक में जमा करना अनिवार्य है। शुल्क जमा न करने की स्थिति में प्रवेश स्वत: ही निरस्त समझा जायेगा। शुल्क सम्बन्धी जानकारी महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त करें। प्रवेश शुल्क कनारा बैंक, सादाबाद शाखा में जमा करना होगा।

साक्षात्कार सम्बन्धी निर्देश

1. प्रत्येक कक्षा में प्रवेश सम्बन्धी सूचनायें (साक्षात्कार का समय एवं स्थान, श्रेष्ठता सूची/प्रतीक्षा सूची की अन्तिम तिथि) यथा समय महाविद्यालय के सूचनापट पर लगायी जायेंगी।
2. समय से सही सूचना प्राप्त करना प्रवेशार्थी का स्वयं का दायित्व होगा। इस सम्बन्ध में अन्य प्रकार से सूचना नहीं दी जायेंगी। अभ्यर्थी महाविद्यालय के सम्पर्क में रहें तथा नोटिस बोर्ड देखते रहें।
3. साक्षात्कार के समय प्रवेशार्थी को स्वयं माता-पिता/अभिभावक के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अभिभावक का व्यक्तिगत रूप से प्राचार्य के सम्मुख उपस्थित होना अनिवार्य है। **अभिभावक की अनुपस्थिति में प्रवेशार्थी को प्रवेश देय नहीं होगा।**
4. साक्षात्कार के समय सभी मूल प्रमाण पत्र (टी. सी., चरित्र प्रमाण पत्र के साथ) समिति के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे।

पाठ्य विषय

स्नातक विषय- (कला संवर्ग के लिए)

वैकल्पिक विषय-हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, सामान्य अंग्रेजी, हिन्दी भाषा, मनोविज्ञान एवं गृहविज्ञान। इन विषयों में से कोई तीन विषय चयनित करने होंगे।

विशेष- डॉ. भीमराव अम्बेडकर वि. वि. आगरा के अनुसार स्नातक स्तर पर सभी छात्र/छात्राओं को राष्ट्र गौरव एवं पर्यावरण शिक्षा विषय को प्रथम वर्ष में अनिवार्य रूप से चयनित करना होगा। हिन्दी भाषा एवं सामान्य अंग्रेजी में से कोई एक विषय ही लिया जा सकेगा।

अनुशासन सम्बन्धी निर्देश

1. महाविद्यालय के शास्ता मंडल के नियमों का पालन करना प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर उनका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
2. प्रत्येक सत्र के लिए नया परिचय-पत्र बनवाना अनिवार्य है। इस पर शास्ता मंडल के सम्बन्धित अधिकारी के हस्ताक्षर अवश्य करा लें।
3. प्रत्येक विद्यार्थी अपना परिचय-पत्र महाविद्यालय परिसर में सदैव साथ रखेगा। आकस्मिक निरीक्षण के समय परिचय पत्र न होने पर उसका महाविद्यालय में प्रवेश अवैध माना जायेगा।
4. महाविद्यालय परिसर में थूकना, पान-गुटखा खाना, धूम्रपान एवं मोबाइल पूर्णत: वर्जित है।
5. महाविद्यालय की सम्पत्ति को हानि पहुँचाने की दशा में वसूली की कार्यवाही करते हुए विद्यार्थी का निष्कासन किया जा सकता है।

कॉलेज यूनीफॉर्म

छात्र- **ग्रीष्मकालीन**-पेन्ट नेवी ब्लू, शर्ट सफेद, **शीतकालीन**- नेवी ब्लू ब्लेजर या स्वेटर।

छात्रायें- **ग्रीष्मकालीन**-सलवार नेवी ब्लू, कुर्ती सफेद, दुपट्टा नेवी ब्लू, **शीतकालीन**- नेवी ब्लू स्वेटर।